दिल मे तू माँ के नाम की,
ज़रा ज्योति जला के देख,
आएगी आएगी मेरी मैया,
दिल से बुला के देख।।
तर्ज – दिल में तू श्याम नाम की

करुणामयी माँ अम्बिके,
ममता की खान है,
पद्मावती की ज्योत से,
रोशन जहान है,
चरणों में मेरी मैया के,
दो आंसू बहा के देख,
आएगी आएगी मेरी मैया,
दिल से बुला के देख।।

किस्मत के ताले खोलना,
मैया के हाथ है,
एक तेरे कष्ट मिटना,
पल भर की बात है,
खुशियो से झोली भर देगी,
तू झोली फैला के देख,
आएगी आएगी मेरी मैया,
दिल से बुला के देख।।

होगा असर दुआओ मे,
तो बोलेगी मूर्ति,
जीवन मे जो होगी कमी,
कर देगी पूर्ति,
शेरो वाली से ज़रा,
नज़रे मिला के देख,
आएगी आएगी मेरी मैया,
दिल से बुला के देख।।

जीवन मे माँ के नाम की,
छाई बहार है,
जीवन की नैय्या चल पड़ी,
जाना ही पार है,
किस्मत तेरी जगाएगी,
ज़रा दिल से बुला के देखा,
आएगी आएगी मेरी मैया,
दिल से बुला के देख।।

दिल मे तू माँ के नाम की,
ज़रा ज्योति जला के देख,
आएगी आएगी मेरी मैया,
दिल से बुला के देख।।

Source: https://www.bharattemples.com/dil-me-tu-maa-ke-naam-ki-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw